अपराध के चरण–

अपराध सामान्यतया चार चरणों में पूर्ण होता है–

1. आशय, 2. तैयारी, 3. प्रयत्न और 4. अपराध का निष्पादन।

1. **आशय**–आशय अपराध का प्रथम चरण है। कोई भी अपराध बिना आशय के नहीं होता और यदि होता भी है तो वह दुर्घटना या दुर्भाग्य के कारण क्षमा करने योग्य होता है। अपराध का प्रथम चरण अर्थात् आशय दण्डनीय नहीं होता है।
2. **तैयारी**–अपराध का दूसरा चरण तैयारी होता है। अपराध करने के तैयारी मात्र से व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जाता है, जब तक कि वह उस कृत्य को किसी न किसी सीमा तक पूरा करने का प्रयत्न न करे।
3. **प्रयत्न**–अपराध का तीसरा चरण प्रयत्न होता है। प्रयत्न शुरू करते ही अपराध प्रारम्भ हो जाता है, चाहे भले ही प्रयत्न पूरा हो या न हो। अपराध करने का प्रयत्न दण्डनीय अपराध है।
4. **निष्पादन**–अपराध का निष्पादन अपराध करने का अंतिम चरण है। इस अवस्था में आपराधिक कृत्य का क्रियान्वयन किया जाता है।

भारतीय दण्ड संहिता, 1860
(1860 का अधिनियम संख्या 45)
गवर्नर जनरल की अनुमति - 6 अक्टूबर, 1860
प्रवर्तन की तिथि - 1 जनवरी, 1862
भारतीय दण्ड संहिता का प्रारूप तैयार किया – लार्ड मैकाले ने
उद्देशिका–भारत के लिए एक साधारण दण्ड संहिता का उपबंध करना समीचीन है।
भारतीय दण्ड संहिता में 23 अध्याय व 511 धारायें हैं।

प्रस्तावना
अध्याय 1 (धारा 1-5)

धारा 1- संहिता का नाम और उसके प्रवर्तन का विस्तार- यह अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता कहलाएगा और इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर होगा।

धारा 2- भारत के भीतर किए गए अपराधों का दण्ड- प्रत्येक व्यक्ति इस संहिता के उपबंधों के प्रतिकूल, हर कार्य या लोप के लिए जिसका वह भारत के भीतर दोषी होगा, इसी संहिता के अधीन दण्डनीय होगा अन्यथा नहीं।

धारा 3- भारत के बाहर किए गए किसी अपराध के लिए कोई व्यक्ति जो भारतीय विधि के अनुसार विचारण का पात्र हो,उसे इस संहिता के उपबंधों के अनुसार ऐसा बरता जाएगा, मानो वह कार्य भारत के भीतर किया गया था।

धारा 4- राज्यक्षेत्रातीत अपराधों पर संहिता का विस्तार – इस संहिता के उपबंध –

(1) भारत से बाहर और परे किसी स्थान में भारत के किसी नागरिक द्वारा,

(2) भारत में रजिस्ट्रीकृत किसी पोत या विमान पर, चाहे वह कहीं भी हो किसी व्यक्ति द्वारा, किये गये किसी अपराध को भी लागू है।

(3) कोई व्यक्ति किसी स्थान में भारत से बाहर और परे कोई अपराध, भारत में स्थित कम्प्यूटर साधन को लक्ष्य बनाते हुए कारित करता है।

दृष्टांत- क, जो भारत का नागरिक है, उगाण्डा में हत्या करता है। वह भारत के किसी स्थान में, जहाँ वह पाया जाए, हत्या के लिए विचारित और दोषसिद्ध किया जा सकता है।

धारा 5 के अनुसार भारत सरकार की सेवा के ऑफिसरों, सैनिकों, नौसैनिकों या वायुसैनिकों द्वारा विद्रोह और अभित्यजन को दण्डित करने वाले किसी अधिनियम के उपबन्धों, या किसी विशेष या स्थानीय विधि के उपबन्धों, पर भारतीय दंड संहिता प्रभाव नहीं डालेगी।

साधारण स्पष्टीकरण
अध्याय 2 (धारा 6-52A)

धारा 8- **लिंग-** पुल्लिंग वाचक शब्द हर व्यक्ति को लागू है चाहे वह वह नर हो या नारी।

धारा 9 - **वचन-**एकवचन के अंतर्गत बहुवचन, और बहुवचन शब्दों कें अंतर्गत एकवचन आते हैं।

धारा 10 **''पुरुष/स्त्री''** - पुरुष शब्द किसी भी आयु के मानव नर का द्योतक है, स्त्री शब्द किसी भी आयु की मानव नारी का द्योतक है।

धारा 11 - 'व्यक्ति' – कोई भी कम्पनी या संगम या व्यक्ति निकाय चाहे वह निगमित हो या नहीं, व्यक्ति शब्द के अंतर्गत आता है।

धारा 12 - 'लोक' को परिभाषित किया गया है।

धारा 14 - सरकार का सेवक परिभाषित किया गया है।

धारा 17 - सरकार को परिभाषित किया गया है।

धारा 18 - 'भारत' को परिभाषित किया गया है।

धारा 19 - 'न्यायाधीश' को परिभाषित किया गया है।

धारा 20 - 'न्यायालय' को परिभाषित किया गया है।

धारा 21 - 'लोक सेवक' को परिभाषित किया गया है।

धारा 22 - 'जंगम संपत्ति' को परिभाषित किया गया है।

धारा 23- 'सदोष अभिलाभ', 'सदोष हानि' को परिभाषित किया गया है।

धारा 24 - 'बेईमानी से' को परिभाषित किया गया है।

धारा 25 - 'कपटपूर्वक' को परिभाषित किया गया है।

धारा 26 - विश्वास करने का कारण परिभाषित किया गया है।

धारा 27 - पत्नी, लिपिक या सेवक के कब्जे में सम्पत्ति।

धारा 28 - 'कूटकरण' को परिभाषित किया गया है।

धारा 29 - 'दस्तावेज' को परिभाषित किया गया है।

धारा 29A- इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को परिभाषित किया गया है।

धारा 30 - 'मूल्यवान प्रतिभूति' को परिभाषित किया गया है।

धारा 31 - विल शब्द किसी भी वसीयती दस्तावेज का द्योतक है।

धारा 32 - कार्यों का निर्देश करने वाले शब्दों के अन्तर्गत अवैध लोप आता है।

धारा 33 - 'कार्य', 'लोप' को परिभाषित किया गया है।

धारा 34 - धारा 34 सामान्य आशय से सम्बन्धित है, जिसके निम्नलिखित आवश्यक तत्व हैं–

1– एक आपराधिक कृत्य हो,

2– आपराधिक कृत्य एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा किया गया हो।

3– आपराधिक कृत्य ऐसे व्यक्तियों द्वारा सबके सामान्य आशय को अग्रसर करने हेतु किया गया हो,

4– ऐसे व्यक्तियों के मध्य सामान्य आशय पूर्व निर्धारित योजना के अन्तर्गत हो,

5– अपराध के सभी अभियुक्तों का किसी न किसी रूप में सम्मिलित होना आवश्यक है,

6– अपराध घटित होते समय सभी अभियुक्तों की शारीरिक उपस्थिति आवश्यक है, परन्तु सभी मामलों में नहीं।

धारा 34 के महत्वपूर्ण वाद–

1. महबूब शाह बनाम एम्परर, (सिन्धु घाटी वाद)
2. वारेन्द्र कुमार घोष बनाम इम्परर (पोस्टमास्टर, हत्या वाद)
3. श्री कांतिया बनाम बम्बई राज्य
4. जे.एम. देसाई बनाम बम्बई राज्य

सामान्य आशय का अर्थ– पूर्व नियोजित योजना के अनुसार एक ही उद्देश्य के लिए कई व्यक्तियों द्वारा किया गया कार्य। पूर्व निर्धारित योजना सामान्य आशय में अन्तर्निहित है।

- **महबूब शाह बनाम इम्परर** के वाद में सामान्य आशय और समान आशय के बीच अंतर स्पष्ट किया गया है।
- **वारेन्द्र कुमार घोष बनाम एम्परर** के वाद में **लार्ड समनर** ने कहा कि, ''वे भी कार्य करते है जो खड़े रहते है और प्रतीक्षा करते हैं।''

  गिरिजा शंकर बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. (2004)–धारा 34 केवल साक्ष्य का नियम है, यह किसी मूल अपराध का सृजन नहीं करता है।

धारा 35 - जबकि ऐसा कार्य इस कारण आपराधिक है कि वह आपराधिक ज्ञान या आशय से किया गया है।

धारा 36 - अंशतः कार्य द्वारा तथा अंशतः लोप द्वारा अपराध कारित किया जाना।

धारा 37 - किसी अपराध को गठित करने वाले कई कार्यों में से किसी एक को करके सहयोग करना।

धारा 38 - आपराधिक कार्य में संपृक्त व्यक्ति विभिन्न अपराधों के दोषी हो सकेंगे।

धारा 39 - स्वेच्छया को परिभाषित किया गया है।

- भारतीय दण्ड संहिता की **धारा 40** में अपराध को परिभाषित किया गया है।

धारा 41 के अनुसार ''विशेष विधि'' वह विधि है जो किसी विशिष्ट विषय को लागू हो।

धारा 42 के अनुसार ''स्थानीय विधि'' वह विधि है जो भारत के किसी विशिष्ट भाग को ही लागू हो।

धारा 43- अवैध शब्द के अंतर्गत प्रत्येक कार्य आता है, जो–
(1) अपराध हो,
(2) विधि द्वारा प्रतिषिद्ध हो,
(3) सिविल कार्यवाही के लिए आधार उत्पन्न करती हो।

धारा 44 - क्षति किसी भी प्रकार की अपहानि का द्योतक है, जो किसी व्यक्ति के शरीर, मन, ख्याति या सम्पत्ति को अवैध रूप से कारित हुई हो।

धारा 45 - जीवन शब्द मानव के जीवन का द्योतक है।

धारा 46 - मृत्यु शब्द मानव की मृत्यु का द्योतक है।

धारा 47 - जीव जन्तु शब्द मानव से भिन्न किसी जीवधारी का द्योतक है।

धारा 48 - जलयान को परिभाषित किया गया है।

धारा 49 - वर्ष/मास को परिभाषित किया गया है।

धारा 50 - धारा को परिभाषित किया गया है।

धारा 51 - शपथ को परिभाषित किया गया है।

धारा 52 - **सद्भावपूर्वक-** जो बात सम्यक् सतर्कता और ध्यान से की जाती है उसे सद्भावपूर्वक किया हुआ कहा जाता है।

धारा 52-क- में 'संश्रय' को परिभाषित किया गया है।

दण्डों के विषय में
अध्याय 3 (धारा 53-75)

धारा 53 ''दण्ड'' - अपराधी इस संहिता के उपबन्धों के अधीन जिन दण्डों से दण्डनीय है, वे ये हैं–

पहला- मृत्यु दण्ड

दूसरा- आजीवन कारावास

तीसरा - कारावास, जो दो भाँति का है, अर्थात् :

(1) कठिन, अर्थात् कठोर श्रम के साथ;

(2) सादा;

चौथा - सम्पत्ति का समपहरण;

पाँचवाँ - जुर्माना।

- **भारतीय दण्ड संहिता में निम्नलिखित अपराधों के लिए मृत्यु दण्ड का प्रावधान है–**

1– भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करना, या करने के लिए प्रयत्न करना, या दुष्प्रेरण करना (धारा 121)
2– विद्रोह का दुष्प्रेरण, यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए (धारा 132)
3– मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना जिससे निर्दोष व्यक्ति को मृत्युदण्ड हो जाए (धारा 194)
4– हत्या (धारा 302)
5– आजीवन कारावास के अपराधी द्वारा हत्या करना (धारा 303)

नोट– मिट्ठू बनाम पंजाब राज्य (1983 S.C.) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने धारा 303 को असंवैधानिक घोषित किया।

6– बालक, पागल या उन्मत्त व्यक्ति को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना (धारा 305)
7– हत्या सहित डकैती (धारा 396)
8– आजीवन सिद्धदोष द्वारा हत्या करने का प्रयत्न जिसमें उपहति कारित हुई हो (धारा 307)
9– फिरौती (Ransom) इत्यादि के लिए व्यपहरण (धारा 364 A)
10- पीड़िता की मृत्यु कारित करने या लगातार निष्क्रिय स्थिति में बने रहने के परिणाम उत्पन्न करने के लिए दण्ड - धारा 376 A
11- 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री से बलात्संग (धारा 376 A B)
12- 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री से सामूहिक बलात्संग (धारा 376 D B)
13- पुनरावृत्त अपराध के लिए दण्ड(धारा 376 E)

धारा 54 **मृत्यु दण्डादेश का लघुकरण –** हर मामले में जिसमें मृत्यु का दण्डादेश दिया गया हो उस दण्ड को अपराधी की सम्मति के बिना भी **समुचित सरकार** इस संहिता द्वारा उपबंधित किसी अन्य दण्ड में लघुकृत कर सकेगी।

धारा 55 **आजीवन कारावास के दण्डादेश का लघुकरण**- हर मामले में, जिसमें आजीवन कारावास का दण्डादेश दिया गया हो, अपराधी की सम्मति के बिना भी **समुचित सरकार (केन्द्र व राज्य सरकार)** उस दण्ड को ऐसी अवधि के लिए, जो चौदह वर्ष से अधिक न हो, दोनों में से किसी भाँति के कारावास में लघुकृत कर सकेगी।

धारा 55A समुचित सरकार की परिभाषा।

धारा 57 के अन्तर्गत दण्डावधियों की भिन्नों की गणना करने में आजीवन कारावास को 20 वर्ष के कारावास के तुल्य गिना जाएगा।

धारा 60 दण्डादिष्ट कारावास के कतिपय मामलों में सम्पूर्ण कारावास या उसका कोई भाग कठिन या सादा हो सकेगा।

धारा 63 के अन्तर्गत जहाँ जुर्माने की रकम अभिव्यक्त नहीं की गई है वहाँ अपराधी जिस रकम के जुर्माने का दायी है, वह अमर्यादित है किन्तु अत्यधिक नहीं होगी।

धारा 64 जुर्माना न देने पर कारावास का दण्डादेश से सम्बन्धित है।

धारा 65 के अनुसार, जबकि कारावास और जुर्माना दोनों आदिष्ट किये जा सकते हैं, तब जुर्माना न देने पर कारावास की अवधि एक-चौथाई से अधिक न होगी, जो अपराध के लिए अधिकतम नियत है।

धारा 67 के अंतर्गत, यदि अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय हो तो वह कारावास जिसे न्यायालय जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने की दशा के लिए अधिरोपित करें, सादा होगा। जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने की दशा के लिए न्यायालय अपराधी को कारावासित करने का निदेश निम्न मापमान के अनुसार देगा यदि जुर्माना–
50 रुपये तक- दो मास तक का कारावास,
100 रुपये तक- चार मास तक का कारावास,
किसी अन्य दशा में - छह मास तक का कारावास।

धारा 68 जुर्माना देने पर कारावास का पर्यवसान हो जाना।

धारा 73 के अुनसार, अपराधी को निम्न मापमान के अनुसार **एकान्त परिरोध** में रखा जाएगा, यदि कारावास–
छह मास से अधिक न हो - एक मास तक
छह मास से अधिक और एक वर्ष तक - दो मास तक
एक वर्ष से अधिक - तीन मास तक

धारा 74 के अुनसार, एकान्त परिरोध के दण्डादेश के निष्पादन में ऐसा परिरोध किसी दशा में भी एक बार में चौदह दिन से अधिक न होगा। जब दिया गया कारावास तीन मास से अधिक हो, तब दिए सम्पूर्ण कारावास से किसी एक मास में एकान्त परिरोध सात दिन से अधिक न होगा।

साधारण अपवाद
अध्याय-4 (धारा 76 से 106)

धारा 76-95 तक की धाराएं क्षमा योग्य बचावों से सम्बन्धित है।

धारा 96-106 तक की धाराएं प्राइवेट प्रतिरक्षा से सम्बन्धित हैं।

धारा 76 के अनुसार, कोई बात अपराध नहीं है, जो किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जाए जो उसे करने के लिए विधि द्वारा आबद्ध हो या जो तथ्य की भूल के कारण, न कि विधि की भूल के कारण, सद्भावपूर्वक विश्वास करता हो कि वह उसे करने के लिए विधि द्वारा आबद्ध है।

- तथ्य की भूल आपराधिक दायित्व के विरुद्ध अच्छा बचाव है परंतु विधि की भूल बचाव नहीं है।

धारा 77 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है, जो न्यायिकतः कार्य करते हुए न्यायाधीश द्वारा ऐसी किसी शक्ति के प्रयोग में की जाती है जो या जिसके बारे में उसे सद्भावपूर्वक विश्वास है कि वह उसे विधि द्वारा दी गई है।

धारा 78 के अन्तर्गत न्यायालय के निर्णय या आदेश के अनुसरण में किया गया कार्य अपराध नहीं है।
एक जल्लाद जो मृत्युदण्ड निष्पादित करता है भारतीय दण्ड संहिता की धारा 78 के अंतर्गत आपराधिक दायित्व से मुक्त है।

धारा 79 के अन्तर्गत विधि द्वारा न्यायानुमत या तथ्य की भूल से अपने को विधि द्वारा न्यायानुमत होने का विश्वास करने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य अपराध नहीं है।

Ignorantia facit excusat, ignoranita juris non excusat (तथ्य सम्बन्धी भूल क्षम्य है, विधि की भूल क्षम्य नहीं है) यह लैटिन सूत्र धारा 76 और 79 पर आधारित है।

धारा 80 विधिपूर्ण कार्य करने में दुर्घटना से सम्बन्धित है। जिसके आवश्यक तत्व निम्नलिखित हैं–
1– कार्य दुर्घटना या दुर्भाग्यवश हो।
2– कार्य अपराधिक आशय या ज्ञान के बिना किया गया हो।
3– कार्य विधिपूर्ण प्रकार से विधिपूर्ण साधनों द्वारा किया गया हो।
4– कार्य उचित सतर्कता और सावधानी के साथ किया गया हो।

उदाहरण– क कुल्हाड़ी से कार्य कर रहा है, कुल्हाड़ी का फल उसमें से निकल कर उछल जाता है और निकट खड़ा व्यक्ति उससे मारा जाता है। यहाँ यदि क की ओर से उचित सावधानी का कोई अभाव नहीं था तो उसका कार्य माफी योग्य है और अपराध नहीं है।

धारा 81 आवश्यकता के आधार पर आपराधिक दायित्व से उन्मुक्ति से सम्बन्धित है। **आर. बनाम डडले एंड स्टीफेन, ब्राउनिंग बनाम स्टेट, विशम्भर बनाम रूमल का वाद धारा 81 पर महत्वपूर्ण है।**

धारा 82 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है, जो सात वर्ष से कम आयु के शिशु द्वारा किया जाए। अर्थात सात वर्ष से कम आयु का कोई शिशु विधि की दृष्टि में अपराध करने में अक्षम (Doli incapax) होता है।

धारा 83 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है, जो सात वर्ष से ऊपर और बारह वर्ष से कम आयु के ऐसे शिशु द्वारा की जाती है जिसकी समझ इतनी परिपक्व नहीं हुई है कि वह उस अवसर पर अपने आचरण की प्रकृति और परिणामों का निर्णय कर सके।

धारा 84 विकृत चित्त व्यक्ति के कार्य से सम्बन्धित है। विकृतचित्त से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो स्वस्थचित्त का नहीं है। ऐसे व्यक्ति 4 प्रकार के होते हैं–
1– जड़,
2– ऐसा व्यक्ति जो किसी बीमारी के कारण विकृतचित्त हो गया हो,
3– उन्मत्त या पागल,
4– मत व्यक्ति।

आर. बनाम मैक्नाटन (1843) का वाद विकृतचित्तता से सम्बन्धित है।

धारा 85 अनैच्छिक मत्तता के आधार पर आपराधिक दायित्व से उन्मुक्ति का प्रावधान करती है। **डायरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रोसीक्यूशन बनाम बियर्ड का वाद धारा 85 से सम्बन्धित हैं**

धारा 86 स्वैच्छिक मत्तता से सम्बन्धित है। **वासुदेव बनाम पेप्सू राज्य का वाद धारा 86 पर महत्वपूर्ण वाद है।**

धारा 87 सम्मति से किया गया कार्य जिससे मृत्यु या घोर उपहति कारित करने का आशय न हो और न उसकी सम्भाव्यता का ज्ञान हो, से सम्बन्धित है।

अपवाद–
- सहमति (स्पष्ट या विवक्षित) देने वाला व्यक्ति 18 वर्ष से अधिक आयु का हो।
- कार्य मृत्यु या गंभीर चोट कारित करने के आशय से न किया गया हो और न ही कर्त्ता को इसकी सम्भावना का ज्ञान हो।

धारा 88 किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सम्मति से सद्भावनापूर्वक किया गया कार्य, जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं है, अपराध नहीं है।

सुकरू कविराज का मामला धारा 88 से सम्बन्धित है।

धारा 89 - संरक्षक द्वारा या उसकी सम्मति से शिशु (12 वर्ष से कम आयु) या उन्मत्त व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य अपराध नहीं है।

धारा 90 के अनुसार, क्षति के भय या तथ्य के भ्रम के अधीन या विकृतचित्तता अथवा मत्तता में, अथवा 12 वर्ष से कम आयु के शिशु द्वारा दी गई सहमति 'स्वतंत्र सहमति' नहीं होगी।

धारा 91 - धारा 87, 88 और 89 का बचाव उन कार्यों पर नहीं है, जो स्वतः अपराध है।
उदाहरण–गर्भपात कराना।

धारा 92- सम्मति के बिना किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य अपराध नहीं है।

धारा 93- सद्भावपूर्वक दी गयी संसूचना उस अपहानि के कारण अपराध नहीं है, जो उस व्यक्ति के फायदे के लिए दी गयी हो।

धारा 94- के अनुसार हत्या और मृत्यु से दंडनीय उन अपराधों को जो राज्य के विरुद्ध हैं, छोड़कर वह कार्य जिसको कोई व्यक्ति मृत्यु की तुरंत धमकी द्वारा विवश किए जाने के फलस्वरूप करता है, अपराध नहीं होगा।

इस धारा का आधार लैटिन सूत्र "Actus me invito factus non est mens actus" है जिसका अर्थ है "मेरे द्वारा मेरे इच्छा के विरुद्ध किया गया कार्य मेरा नहीं है।"

- **"de minimis non curat lex"** का सिद्धांत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 95 में समाविष्ट है, जिसका अर्थ है कि "विधि तुच्छ बातों पर ध्यान नहीं देती"

प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार
धारा 96–106

धारा 96 - कोई बात अपराध नहीं है, जो प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में की जाती है।

धारा 97 - हर व्यक्ति को शरीर तथा सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार है।

धारा 98 - के अधीन ऐसे व्यक्ति के कार्य के विरुद्ध भी प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त है जिसका कार्य –

1– बालकपन के कारण अपराध नहीं है।
2– समझ की परिपक्वता के अभाव में अपराध नहीं है।
3– चित्तविकृत्ति या मत्तता के कारण अपराध नहीं है।
4– उस व्यक्ति के किसी भ्रम के कारण अपराध नहीं है।

धारा 99- कार्य, जिनके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है-

1- यदि उस कार्य से मृत्यु या घोर उपहित की आशंका युक्तियुक्ति रूप से कारित नहीं होती, सद्भावपूर्वक अपने पदाभास में कार्य करते हुए, **लोकसेवक द्वारा** या **लोकसेवक के निदेश से** किया जाता है या किये जाने का प्रयत्न किया जाता है।

2- जहाँ पर संरक्षा के लिए लोक प्राधिकारियों की सहायता प्राप्त करने के लिए समय है।

3- किसी दशा में भी प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार उतनी अपहानि से अधिक अपहानि करने पर नहीं है, जितनी प्रतिरक्षा के प्रयोजन से करनी आवश्यक है अर्थात् आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग नहीं किया जा सकता।

धारा 100 के अनुसार निम्नलिखित परिस्थितियों में शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार हमलावर की स्वेच्छया मृत्यु कारित करने या कोई अन्य अपहानि कारित करने तक है–

पहला– ऐसा हमला जिससे युक्तियुक्ति रूप से यह आशंका कारित हो कि अन्यथा ऐसे हमले का परिणाम मृत्यु होगा।

दूसरा– ऐसा हमला जिससे युक्तियुक्ति रूप से यह आशंका कारित हो कि अन्यथा ऐसे हमले का परिणाम घोर-उपहति होगा।

तीसरा– बलात्संग करने के आशय से किया गया हमला।

चौथा– प्रकृति–विरुद्ध काम-तृष्णा की तृप्ति के आशय से किया गया हमला।

पांचवा– व्यपहरण या अपहरण करने के आशय से किया गया हमला।

छठा– सदोष परिरोध के लिए किया गया हमला।

सातवॉ– तेजाब फेकने या देने का कार्य या उसका प्रयत्न, जो युक्तियुक्त रूप से यह आशंका उत्पन्न कर सकेगा कि घोर- उपहति अन्यथा ऐसे कार्य का परिणाम होगा।

धारा 103 के अनुसार निम्नलिखित परिस्थितियों में संपत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक है–

- लूट
- रात्रौ गृहभेदन
- अग्नि द्वारा रिष्टि
- चोरी, रिष्टि या गृह अतिचार जिससे मृत्यु या घोर उपहति की आशंका हो।
- अग्नि अथवा किसी विस्फोटक पदार्थ द्वारा कारित रिष्टि (उ.प्र. संशोधन)

धारा 106- के अंतर्गत प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार में निर्दोष व्यक्ति की भी मृत्यु कारित की जा सकती है, यदि प्रतिरक्षक ऐसी स्थिति में हो कि निर्दोष व्यक्ति की जोखिम के बिना वह उस अधिकार का प्रयोग कार्यसाधक रूप से न कर सकता हो।

दुष्प्रेरण
अध्याय - 5 (धारा 107-120)

धारा 107 के अन्तर्गत दुष्प्रेरण निम्न तीन प्रकार से किया जा सकता है–

1– उकसाने द्वारा
2– षड्यंत्र के माध्यम से तथा
3– साशय सहायता द्वारा ।

एम्परर बनाम उमी, मोहित पाण्डे का मामला महत्वपूर्ण है।

धारा 108 - दुष्प्रेरक की परिभाषा

- किसी कार्य के अवैध लोप का दुष्प्रेरण अपराध की कोटि में आ सकेगा।

- दुष्प्रेरण का अपराध गठित होने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दुष्प्रेरित कार्य किया जाए।
- यह आवश्यक नहीं है कि दुष्प्रेरित व्यक्ति अपराध करने के लिए विधि अनुसार समर्थ हो या उसका वही दूषित आशय या ज्ञान हो।
- अपराध का दुष्प्रेरण अपराध होने के कारण ऐसे दुष्प्रेरण का दुष्प्रेरण भी अपराध है।

धारा 108A- भारत से बाहर के अपराधों का भारत में दुष्प्रेरण।

धारा 109 - दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित कार्य कर दिया जाता है- वह उस दण्ड से दण्डित किया जायेगा, जो उस अपराध के लिए उपबंधित है।

धारा 111 - दुष्प्रेरित कार्य के अधिसंभाव्य परिणाम के बारे में बताया गया है।

धारा 114 - यदि दुष्प्रेरण का अपराध करते समय दुष्प्रेरक भी वहाँ उपस्थित हो तो यह समझा जायेगा कि उसने ऐसा कार्य या अपराध किया है।

धारा 117 - लोक साधारण द्वारा या दस से अधिक व्यक्तियों द्वारा अपराध किए जाने का दुष्प्रेरण।

धारा 118 - मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना।

धारा 120 - कारावास से दण्डनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना।

आपराधिक षड्यंत्र
अध्याय 5A (धारा 120A-120B)

धारा 120 क में आपराधिक षड्यन्त्र की परिभाषा दी गई है।

- **धारा 120क** के तहत अकेला व्यक्ति दोषसिद्ध नहीं किया जा सकता है।
- **धारा 120क** के तहत अवैध कार्य करने की सहमति मात्र ही दण्डनीय है।

अवैध के अंतर्गत आता है–

1. जो अपराध हो,
2. जो विधि द्वारा प्रतिषिद्ध हो,
3. जो सिविल कार्यवाही के लिए आधार उत्पन्न करता हो।

धारा 120ख में आपराधिक षडयंत्र के लिए दण्ड दिया गया है।

विनायक दामोदर सावरकर का वाद, नासिक षडयंत्र के नाम से जाना जाता है।

राज्य के विरुद्ध अपराध
अध्याय 6 (धारा 121-130)

धारा 121 के अनुसार, जो कोई भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करेगा, या ऐसा युद्ध करने का प्रयत्न करेगा या ऐसा युद्ध करने का दुष्प्रेरण करेगा, वह मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

धारा 122 भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध आदि संग्रह करना।

धारा 123 युद्ध करने की परिकल्पना को सुकर बनाने के आशय से छिपाना।

धारा 124A-राजद्रोह- जो कोई बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा या संकेतों द्वारा या दृश्यरूपण द्वारा या अन्यथा भारत में विधि द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या अवमान पैदा करेगा, या पैदा करने का प्रयत्न करेगा, अप्रीति प्रदीप्त करेगा या प्रदीप्त करने का प्रयत्न करेगा, वह आजीवन कारावास से, जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा या तीन वर्ष तक के कारावास से जिसमें जुर्माना जोड़ा जा सकेगा, या जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

धारा 125 भारत सरकार से मैत्री संबंध रखने वाली किसी एशियाई शक्ति के विरुद्ध युद्ध करना।

धारा 126 भारत सरकार के साथ शांति का संबंध रखने वाली शक्ति के राज्यक्षेत्र में लूट-पाट करना।

धारा 128 लोक सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्ध कैदी को निकल भागने देना।

धारा 129 उपेक्षा से लोक सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना।

धारा 130 ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना।

सेना, नौसेना और वायुसेना से संबंधित अपराध
अध्याय 7 (धारा 131-140)

धारा 131 विद्रोह का दुष्प्रेरण या किसी सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक को कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करना।

धारा 136 अभित्याजक को संश्रय देना।

धारा 138 सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अनधीनता के कार्य का दुष्प्रेरण।

धारा 140 सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक पहनना या टोकन धारण करना।

लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराध
अध्याय 8 (धारा 141-160)

धारा 141 - विधिविरुद्ध जमाव- धारा 141 विधिविरुद्ध जमाव को परिभाषित करती है। इसके अनुसार, पाँच या अधिक व्यक्तियों का जमाव "विधि विरुद्ध जमाव" कहा जाता है, यदि उन व्यक्तियों का, जिनसे वह जमाव गठित हुआ है निम्नलिखित में से कोई एक सामान्य उद्देश्य हो–

1. आपराधिक बल के प्रयोग या उसके प्रदर्शन द्वारा आतंकित करना–
   (a) केन्द्र सरकार को, या
   (b) राज्य सरकार को, या
   (c) संसद को, या
   (d) राज्य विधानमंडल को, या
   (e) लोक सेवक (जो विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग कर रहा हो) अथवा,
2. किसी विधि के या वैध आदेशिका के निष्पादन का प्रतिरोध करना, अथवा
3. रिष्टि या आपराधिक अतिचार या कोई अन्य अपराध करना, (अन्य अपराध में कोई भी अपराध सम्मिलित है) अथवा
4. आपराधिक बल के प्रयोग या प्रदर्शन द्वारा–
   (a) किसी सम्पत्ति का कब्जा लेना, या
   (b) किसी को उसके मार्गाधिकार या जल प्रयोगाधिकार या किसी अन्य अधिकार से वंचित करना, या
   (c) किसी अधिकार या किसी अनुमित अधिकार को लागू करना अथवा

5. आपराधिक बल के प्रयोग या उसके प्रदर्शन द्वारा किसी व्यक्ति को वह करने के लिए विवश करना–
   (a) जिसे करने के लिए वह वैध रूप से आबद्ध न हो, या
   (b) उसका लोप करने के लिए, जिसे करने का वह वैध रूप से हकदार हो,

धारा 142 विधिविरुद्ध जमाव का सदस्य होना।

धारा 143 के अनुसार जो कोई विधिविरुद्ध जमाव का सदस्य होगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि छह मास तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जाएगा।

धारा 144 घातक आयुध से सज्जित होकर विधिविरुद्ध जमाव में सम्मिलित होना।

धारा 145 किसी विधिविरुद्ध जमाव में यह जानते हुए कि उसके बिखर जाने का समादेश दे दिया गया है, सम्मिलित होना या उसमें बने रहना।

धारा 146 **बल्वा करना (Rioting)-** जब कभी विधिविरुद्ध जमाव द्वारा या उसके किसी सदस्य द्वारा ऐसे जमाव के सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में बल या हिंसा का प्रयोग किया जाता है तब ऐसे जमाव का हर सदस्य बल्वा करने के अपराध का दोषी होगा।

धारा 147 **बल्वा करने के लिए दण्ड** - जो कोई बल्वा करने का दोषी होगा, वह दोनों में से किसी भाँति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जाएगा।

धारा 148 घातक आयुध से सज्जित होकर बल्वा करना।

धारा 149 के अनुसार, विधि-विरुद्ध जमाव का प्रत्येक सदस्य, सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए किए गए अपराध का दोषी होगा।

सामान्य उद्देश्य के आवश्यक तत्व निम्नलिखित हैं–
- पांच या अधिक व्यक्ति हों,
- उनका सामान्य उद्देश्य हो,
- उद्देश्य विधि विरुद्ध हो,
- सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में आपराधिक कार्य किया गया हो।

नानक चंद बनाम पंजाब राज्य (1953 SC) के वाद में सामान्य आशय एवं सामान्य उद्देश्य में अन्तर किया गया था।

■ **सामान्य आशय और सामान्य उद्देश्य में अन्तर–**

	सामान्य आशय (धारा-34)		सामान्य उद्देश्य (धारा-149)
1.	कम से कम व्यक्तियों की संख्या दो होनी चाहिए।	1.	कम से कम पांच व्यक्ति होने चाहिए।
2.	यह धारा किसी अपराध का सृजन नहीं करती है।	2.	यह विशेष अपराध का सृजन करती है।
3.	आशय का पूर्व नियोजित होना आवश्यक है।	3.	पूर्व नियोजित आशय आवश्यक नहीं है।
4.	आपराधिक कार्य में सदस्यों की सक्रिय भागीदारी (योगदान) हो।	4.	मात्र विधि विरुद्ध जमाव का सदस्य होना ही पर्याप्त है।
5.	मस्तिष्कों का पूर्व मिलन आवश्यक है।	5.	मस्तिष्कों का मिलन आवश्यक नहीं है।
6.	यह धारा संयुक्त दायित्व के सिद्धांत का प्रतिपादन करती है।	6.	यह धारा संयुक्त दायित्व की घोषणा करती है।

धारा 153A के अन्तर्गत धर्म, मूलवंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा, जाति, समुदाय में से किसी के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करना।

धारा 153AA- किसी जुलूस में जानबूझकर आयुध ले जाने या किसी सामूहिक ड्रिल या सामूहिक प्रशिक्षण का आयुध सहित संचालन या आयोजन करना या उसमें भाग लेना।

धारा 153 B के अन्तर्गत राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, प्राख्यान का उपबन्ध किया गया है।

■ धारा **154, 155, 156** प्रतिनिधिक दायित्व का उपबंध करती है।

आर. बनाम हिगिंस (1730) के वाद में प्रथम बार प्रतिनिधिक दायित्व का सिद्धान्त निर्णीत किया गया था।

धारा 159 **दंगा (Affray)-** जबकि दो या अधिक व्यक्ति लोकस्थान में लड़कर लोक शान्ति में विघ्न डालते हैं, तब कहा जाता है कि वे दंगा करते हैं। इस प्रकार दंगा के अपराध का अर्थ है जनता को आतंकित करना।

धारा 160 के अनुसार, जो कोई दंगा करेगा, वह दोनों में से किसी भाँति के कारावास से जिसकी अवधि एक मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो एक सौ रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डित किया जायेगा।

■ **दंगा एवं बल्वा में अन्तर–**

	दंगा		बल्वा
1.	यह केवल सार्वजनिक स्थान पर ही किया जा सकता है।	1.	सार्वजनिक व निजी किसी भी स्थान पर हो सकता है।
2.	दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा।	2.	कम से कम 5 व्यक्तियों द्वारा।

लोक सेवकों द्वारा या उनसे संबंधित अपराध अध्याय 9 (धारा 161-171)

धारा 166A के अन्तर्गत **लोक सेवक, जो विधि के अधीन निदेश की अवज्ञा करता है** वह कठोर कारावास से, जो न्यूनतम छह मास किंतु अधिकतम दो वर्ष तक और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

धारा 166B **पीड़ित का उपचार न करने के लिए दण्ड-** जो कोई ऐसे किसी लोक या प्राइवेट अस्पताल का, चाहे वह केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा हो, भारसाधक होते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 357-ग के उपबन्धों का उल्लंघन करेगा, वह एक वर्ष तक के कारावास से, या जुर्माने से या दोनों से, दण्डित किया जाएगा।

धारा 167 लोक सेवक, जो क्षति कारित करने के आशय से अशुद्ध दस्तावेज रचता है।

धारा 168 लोक सेवक, जो विधिविरुद्ध रूप से व्यापार में लगता है।

धारा 170 के अंतर्गत लोक सेवक का प्रतिरूपण एक अपराध है।

निर्वाचन संबंधी अपराध
अध्याय 9-A (धारा 171A-171-I)

धारा 171A - अभ्यर्थी, निर्वाचन अधिकार को परिभाषित किया गया है।
धारा 171B - रिश्वत को परिभाषित किया गया है।
धारा 171D - निर्वाचनों में प्रतिरूपण।
धारा 171E - रिश्वत के लिए दण्ड।
धारा 171H - निर्वाचन के सिलसिले में अवैध संदाय।

लोक सेवकों के विधिपूर्ण प्राधिकार के अवमान
अध्याय 10 (धारा 172-190)

धारा 172 - समनों की तामील या अन्य कार्यवाही से बचने के लए फरार हो जाना।
धारा 174 - लोक सेवक का आदेश न मानकर गैर-हाजिर रहना।
धारा 176 - सूचना या इत्तिला देने के लिए वैध रूप से आबद्ध व्यक्ति द्वारा लोक सेवक को सूचना या इत्तिला देने का लोप।
धारा 177- में मिथ्या सूचना (इत्तला) देने को दण्डित किया गया है।
धारा 179 - प्रश्न करने के लिए प्राधिकृत लोक सेवक का उत्तर देने से इंकार करना।
धारा 180 - कथन पर हस्ताक्षर करने से इंकार।
धारा 183 - लोक-सेवक के विधिपूर्ण प्राधिकार द्वारा सम्पत्ति लिए जाने का प्रतिरोध।
धारा 186 - के अधीन लोक सेवक के लोक कृत्यों के निर्वहन में बाधा डालने पर तीन मास तक का कारावास या 500 रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित करने का उपबन्ध है।
धारा 187 - के अनुसार सहायता देने हेतु विधि द्वारा आबद्ध होते हुए लोक सेवक को सहायता देने में लोप करने वाला व्यक्ति एक माह तक के सादा कारावास या 200 रुपये जुर्माने या दोनों से दंडित किया जाएगा।
धारा 188 - लोक-सेवक द्वारा सम्यक् रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा।
धारा 189 - लोक-सेवक को क्षति करने की धमकी।

मिथ्या साक्ष्य और लोक न्याय के विरुद्ध अपराध
अध्याय 11 (धारा 191-229A)

- **धारा 191** - मिथ्या साक्ष्य देना तथा **धारा 192** में 'मिथ्या साक्ष्य गढ़ना' को परिभाषित किया गया है।

धारा 193 मिथ्या साक्ष्य के लिये दण्ड -
जो कोई साशय किसी न्यायिक कार्यवाही के किसी प्रक्रम में मिथ्या साक्ष्य देगा या मिथ्या साक्ष्य गढ़ेगा, वह किसी भी भाँति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा तथा
अन्य मामले में मिथ्या साक्ष्य देगा या गढ़ेगा, वह किसी भी भाँति के कारावास से जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

धारा 194 - मृत्यु से दण्डनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना।
धारा 195 - आजीवन कारावास या कारावास से दण्डनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना।
धारा 195A- किसी व्यक्ति को मिथ्या साक्ष्य देने के लिए धमकाना या उत्प्रेरित करना।
धारा 196 - उस साक्ष्य को काम में लाना जिसका मिथ्या होना ज्ञात है।
धारा 197 - मिथ्या प्रमाण-पत्र जारी करना या हस्ताक्षरित करना।
धारा 201 - अपराध के साक्ष्य का विलोपन या छुपाना।
धारा 203 - किए गए अपराध के विषय में मिथ्या इत्तिला देना।
धारा 204 - साक्ष्य को नष्ट करना।
धारा 209 - के अधीन बेइमानी से न्यायालय में मिथ्या दावा करने के लिए 2 वर्ष तक का कारावास और जुर्माना का प्रावधान किया गया है।
धारा 210 - ऐसी राशि के लिए जो शोध्य न हो, कपटपूर्वक डिक्री होने देना सहन करना।
धारा 211 - क्षति करने के आशय से अपराध का मिथ्या आरोप।
धारा 228 - न्यायिक कार्यवाही में बैठे हुए लोक-सेवक का साशय अपमान या उसके कार्य में विघ्न।
धारा 228A कतिपय अपराधों आदि से पीड़ित व्यक्ति की पहचान का प्रकटीकरण- जो कोई पीड़ित व्यक्ति की पहचान का प्रकटीकरण, मुद्रित या प्रकाशित करेगा जिसके विरुद्ध धारा 376, धारा 376A, धारा 376AB, धारा 376B, धारा 376C, धारा 376D, धारा 376DA, धारा 376DB या धारा 376E के अधीन कोई अपराध किया गया है या पाया गया है, तो वह दो वर्ष तक के कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।
धारा 229 - जूरी सदस्य या असेसर का प्रतिरूपण।
धारा 229A- जमानत या बंधपत्र पर छोड़े गए व्यक्ति द्वारा न्यायालय में हाजिर होने में असफलता।

सिक्कों और सरकारी स्टाम्पों से संबंधित अपराध
अध्याय 12 (धारा 230-263A)

धारा 230- सिक्का तथा भारतीय सिक्का की परिभाषा
धारा 231- सिक्के का कूटकरण
धारा 232- भारतीय सिक्के का कूटकरण
धारा 255- सरकारी स्टाम्प का कूटकरण

बाटों और मापों से संबंधित अपराध
अध्याय 13 (धारा 264-267)

धारा 264- तोलने के लिए खोटे उपकरणों का कपटपूर्वक उपयोग।
धारा 265- खोटे बाट या माप का कपटपूर्वक उपयोग।
धारा 266- खोटे बाट या माप को कब्जे में रखना।
धारा 267- खोटे बाट या माप का बनाना या बेचना।

लोक-स्वास्थ्य, क्षेम, सुविधा, शिष्टता और सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराध
अध्याय 14 (धारा 268-294A)

धारा 268 के अन्तर्गत लोक न्यूसेंस को परिभाषित किया गया है एवं **धारा 290** के अन्तर्गत लोक न्यूसेंस के दण्ड का उपबन्ध किया गया है।
धारा 277 जल प्रदूषण से सम्बन्धित है। इसके अनुसार जो कोई लोक जल स्रोत या जलाशय का जल कलुषित करेगा वह तीन माह तक के कारावास से या जुर्माना जो 500 रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धारा 278- वायु प्रदूषण से सम्बन्धित है।

धारा 279- **लोकमार्ग पर उतावलेपन से वाहन चलाना या हांकना-** जो कोई लोक मार्ग पर उतावलेपन से वाहन चलाएगा या हांकेगा जिससे मानव जीवन के लिए संकट उत्पन्न हो जाए या किसी व्यक्ति को उपहति या क्षति कारित हो जाए तो वह छह मास तक के कारावास से या जुर्माना जो 1000 रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धारा 292- अश्लील पुस्तकों का विक्रय आदि को दण्डनीय बनाती है तथा यह हिकलिन के नियम से संबंधित है।

धारा 293- **तरुण व्यक्ति को अश्लील वस्तुओं का विक्रय-** जो कोई **20 वर्ष** से कम आयु के किसी व्यक्ति को कोई अश्लील वस्तु बेचेगा, भाड़े पर देगा, वितरण करेगा, प्रदर्शित या परिचालित करेगा या इसका प्रयत्न करेगा तो वह प्रथम दोषसिद्धि पर तीन वर्ष तक के कारावास से और 2000 रुपये तक के जुर्माने से तथा द्वितीय या पश्चातवर्ती दोषसिद्धि पर सात वर्ष तक के कारावास से और पांच हजार रुपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

धारा 294- **अश्लील कार्य और गाने-** जो कोई अश्लील कार्य करेगा या अश्लील गाने, कथागीत या शब्द गायेगा, सुनाएगा जिससे दूसरों को क्षोभ (पीड़ा) होता हो, वह तीन मास तक के कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धर्म से संबंधित अपराध
अध्याय 15 (धारा 295-298)

धारा 295- किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना के स्थान को क्षति करना या अपवित्र करने से सम्बन्धित है।

धारा 296- 'धार्मिक जमाव में विघ्न करना' से सम्बन्धित है।

धारा 297- के अन्तर्गत जो कोई कब्रिस्तानों आदि में अतिचार करेगा वह एक वर्ष तक के कारावास से या जुर्माने से या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराध
अध्याय 16 (धारा 299-377)

जीवन के लिए संकटकारी अपराध

- एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य की मृत्यु कारित करना मानव–वध कहलाता है। आपराधिक मानव वध को धारा **299** में परिभाषित किया गया है तथा धारा **304** में आपराधिक मानव वध के दण्ड का प्रावधान किया गया है।
- **धारा 300-**हत्या को परिभाषित करती है तथा धारा 302 हत्या के दण्ड का प्रावधान करती है।

धारा 300 में दिये गये अपवादों को छोड़कर आपराधिक मानव वध हत्या है यदि वह धारा 300 के चार खण्डों में से किसी एक में आता हो–

1. वह कार्य जिससे मृत्यु कारित की गयी हो, मृत्यु कारित करने के आशय से किया गया हो, अथवा
2. ऐसी शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से जिससे अपराधी जानता हो कि मृत्यु कारित करना सम्भाव्य है, अथवा
3. ऐसी शारीरिक क्षति किसी व्यक्ति को प्रकृति के सामान्य अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिए पर्याप्त हो, अथवा
4. वह कार्य जिससे मृत्यु कारित की गयी हो उसके बारे में कार्य करने वाला व्यक्ति जानता हो कि वह कार्य इतना आसन्न संकटपूर्ण है कि पूरी अधिसंभाव्यता है कि मृत्यु कारित कर ही देगा।

निम्न 5 परिस्थितियों में आपराधिक मानव वध हत्या नहीं होगा-

अपवाद-1

आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है, यदि अपराधी उस समय जबकि वह **गम्भीर और अचानक प्रकोपन** से आत्म संयम की शक्ति से वंचित हो, उस व्यक्ति की मृत्यु कारित करे या अन्य व्यक्ति की मृत्यु भूल या दुर्घटनावश कारित करे। **के. एम. नानावती बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र का वाद महत्वपूर्ण है।**

अपवाद-2

आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है, यदि अपराधी ने शरीर या सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रयोग सदभावनापूर्ण करते हुए विधि द्वारा दी गई शक्ति का अतिक्रमण कर दे।

अपवाद-3

आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है, यदि लोक सेवक द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन सद्भावपूर्वक विश्वास में करते हुए विधि द्वारा दी गई शक्ति से आगे बढ़ जाए।

अपवाद-4

आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है, यदि मानव वध अचानक झगड़ा जनित आवेश की तीव्रता में हुआ हो।

अपवाद-5

आपराधिक मानव वध हत्या नहीं है, यदि वह व्यक्ति जिसकी मृत्यु कारित की गयी अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु का होते हुये अपनी सम्मति से मृत्यु होना सहन करे, या मृत्यु का जोखिम उठाये। **दशरथ पासवान बनाम बिहार राज्य का वाद महत्वपूर्ण है।**

रेग बनाम गोविन्दा के वाद में धारा 299 तथा धारा 300 में अंतर को जस्टिस मेलविल ने स्पष्ट किया।

धारा 301 के अन्तर्गत जिस व्यक्ति की मृत्यु कारित करने का आशय था, उससे भिन्न व्यक्ति की मृत्यु करके आपराधिक मानव वध का अपराध किया गया। **अंतरित विद्वेष का सिद्धांत** इस धारा में निहित है।

धारा 302 के अन्तर्गत जो कोई हत्या करेगा, वह मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।

बच्चन सिंह बनाम पंजाब राज्य के वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया कि **'मृत्युदंड' विरल से विरलतम (Rarest of the rare)** अपराधों मे ही दिया जाना चाहिए।

धारा 303 **को मिट्ठु सिंह बनाम पंजाब राज्य** के वाद में उच्चतम न्यायालय ने इस आधार पर असंवैधानिक घोषित किया कि यह धारा संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 21 द्वारा प्रदत्त समानता तथा जीवन एवं स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन करती है।

धारा 304 आपराधिक मानववध के लिए दण्ड।

धारा 304 क उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने से सम्बन्धित है।

धारा 304 ख **दहेज मृत्यु-**जहाँ किसी स्त्री की मृत्यु किसी दाह या शारीरिक क्षति द्वारा कारित की जाती है या उसके विवाह के सात वर्ष के भीतर सामान्य परिस्थितियों से अन्यथा हो जाती है और यह दर्शित किया जाता है कि